

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

हिन्दी मासिक जोधपुर

# माली सैनी सन्देश

वर्ष : 15 अंक :188 28 फरवरी, 2021 मूल्य : 30/-प्रति

# राजस्थान बजट 2021

## जननायक अशोक गहलोत ने बांटी सभी को सौगातें





## राजस्थान के सर्वांगीण विकास हेतु आधारभूत योजनाओं एवं किसान समेत सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा करने पर

# मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत जी का आभार

**राज्य के सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यमों ले उत्थान के लिए नई नीति होगी जारी**
**जोधपुर-कांकाणी-रोहट-पाली-मारवाड़ क्षेत्र में मारवाड़ इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनानें की घोषणा।**
**750 करोड़ रूपए का होगा व्यय**

- राज्य बजट में गृह नगर के लिए विभिन्न योजनाएं
- राज्य बजट में जोधपुर के लिए ये हुई शिक्षा के क्षेत्र से जुडी बड़ी घोषणा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पेश कर रहे राज्य बजट। जिसमें जोधपुर में शिक्षा से संबंधित कॉलेज, विश्वविद्यालय के लिए ये प्रमुख घोषणाएं की गई। जोधपुर में नई डिजिटल यूनिवर्सिटी बनाने की भी घोषणा।
- जोधपुर में योग नेचुरोपैथी कॉलेज की घोषणा।
- आयुर्वेद विश्वविद्यालय में पंचकर्म का इंटरनेशनल सेंटर बनेगा।
- जोधपुर में 400 करोड़ की नई डिजिटल यूनिवर्सिटी बनेगी।
- सूरसागर में राजकीय कन्या महाविद्यालय की घोषणा।
- मंडोर में नया पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की घोषणा।
- अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए रोडवेज में मुफ्त यात्रा।
- अमृतलाल स्टेडियम मंडोर में खेल स्कूल की घोषणा।
- बरकतुल्लाह खां स्टेडियम को 20 करोड़ रूपये स्वीकृत।
- अगले साल से कृषि बजट अलग पेश होगा।
- अंगनवा में 60 करोड़ की लागत से कृषि उपज मंडी की घोषणा। कृषि विभाग भवन भदवासिया कृषि उपज मंडी में स्थानांतरित होगा। कृषि विभाग का बनेगा नया भवन।
- मारवाड़ इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर की घोषणा।
- सीवरेज अपग्रेड और मरम्मत के लिए 309 करोड़ रूपये स्वीकृत।
- लूपिंग रूप और हेरिटेज गलियारा के लिए 100 करोड़ रूपये स्वीकृत।
- 14. 60 करोड़ की लागत से 15 सौ की क्षमता का ऑडिटोरियम और कन्वेंशन सेंटर बनाने की घोषणा।
- विश्व के बेहतरीन हॉकी खिलाड़ी समाज रत्न मेजर ध्यानचंद कुशवाहा को सम्मान देते हुए अशोक गहलोत ने राजस्थान के हर जिले में उनके नाम से स्टेडियम बनानें की घोषणा करने पर आभार अभिनंदन।
- टाइगर मेन पद्मश्री स्वर्गीय श्रीमान कैलाश सांखला स्मृति वन क्षेत्र के लिए 20करोड़ की राशि स्वीकृत ।
- अर्पूव त्यागी समाज गौरव गौरा धायं के नाम से प्रदेश के 33 जिलों में अनाथ, उपेक्षित बच्चों के लिए पूनर्वास की योजना।

**बजट के महत्वपूर्ण कार्य में समाज के वरिष्ठ आई.ए.एस. डॉ. पृथ्वीराज सांखला का रहा विशेष योगदान**

## संपादक की कलम से...

समाज के समय-सापेक्ष विकास में संगठन की महत्ती भूमिका है। हमारे समाज के बारे में यह तथ्य सर्वविदित है कि हम अखिल भारतीय स्तर तो क्या प्रदेश एवं शंहर के स्तर पर भी संगठित नहीं है। विभिन्न स्तरों पर समाज के अनेकों संगठन है। लेकिन उनमें से कुछ ही है जो सही में समाज के विकास एवं व्याप्त समस्याओं, कुरीतियों एवं शिक्षा के प्रति जागरूक है।

अधिकतर संगठन एवं संस्थाऐं समाज हित के वृहद्ध परिप्रेक्ष्य में नहीं अपितु अपने अपने निहित स्वार्थो में संलिप्त प्रतीत होते है। राष्ट्रीय स्तर पर गठित समाज के संगठन को सुदृढ़तर बनाकर एवं इसके अस्तित्व को संपूर्ण भारत में व्याप्त समाज के घर घर पहुंचाने की आवश्यकता है। समिति दायरों का औचित्य उस जमाने में था, जब सम्पर्क सूत्र अत्यन्त क्षीण थे, संचार - आवागमन अत्यन्त कठिन एवं सामूहिक हित की भावना गौण थी। अब समय बदल रहा है, हितों की व्याख्या परिवर्तित हुई है। राजनीतिक, प्रशासनिक, आर्थिक, आदि मोर्चो पर समाज की एकता की अत्यन्त आवश्यकता है। अत: यह आवश्यक हो गया है कि हम समाज में विद्यमान छोटे-छोटे दायरों से बाहर निकलकर अखिल भारतीय स्तर के संगठन की सोच में शामिल हों। परंतु सवाल यह है कि यह कार्य कैसे हो ? कार्य अत्यन्त कठिन है पर कार्य योजना के द्वारा इसे धीरे-धीरे सुगम बनाया जा सकता है।

इसके लिए महासभा के प्रबुद्ध पदाधिकारियों को सकारात्मक सोच के साथ समय एवं चिंतन की सहभागिता प्रदान करनी होगी। प्रत्येक समाज - समूह, पट्टी आदि से ऐसे विचारवान लोगों को महासभा से संबद्ध करना होगा जो स्थानीय समाज व अखिल भारतीय संगठन के बीच कड़ी का काम कर सके। यह प्रारंभिक कार्य संपन्न होने के बाद अखिल भारतीय स्तर पर होने वाले समाज हित के निर्णयों का स्थानीय धरातल पर उतारने के प्रयास करने होंगे। प्रश्न यह उठता है, इसकी क्या आवश्यकता है ? जवाब सीधा सा है- संकीर्णता, दकियानूसी विचार, आपसी स्वार्थ आदि से उपर उठकर सर्वहित चिंतन करना। इससे न केवल निर्णयों में ज्यादा सकारात्मकता आयेगी। अपितु स्थानीय स्तर के विचारवान लोगों के चिंतन को, विचार को एवं कार्य को एक मंच मिलेगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर हुए निर्णयों को प्रभाव भी व्यापक बन पाएगा।

परंतु इसके लिए सत्य प्रयासों की जरूरत होगी। हमें मिल बैठकर एक कार्य योजना बनानी होगी। महासभा से जुड़ाव को सुगम बनाना होगा। बेहतर होगा - महासभा के संगठन आदि के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्रदान की जावे। इसके संगठन, नियम, कार्य योजना, सदस्यता व भूमिका के बारे में लोग नहीं जानते है इसे सर्व सुलभ बनाया जाए तो जुड़ाव की प्रक्रिया सहज हो पाएगी।

**आइए - हम सब इस पुनीत कार्य के सहभागी बनें।**

# अखिल भारतीय स्तर पर समाज की कड़ी से कड़ी जुड़ें



**मनीष गहलोत**
संपादक

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

सेवा के नये आयाम स्थापित किए है रामचंद्र सोलंकी ने पहले हरिद्वार फिर रामदेवरा धर्मशाला में अपने पूरा जीवन लगा दिया

# 20वर्षो तक सामाजिक संस्था में अध्यक्ष पद को सुशोभित करने वाले रामचंद्र सोलंकी को समाज ने किया सम्मानित

## रामचंद्र सोलंकी के स्व-ईच्छा से सेवानिवृत होने पर विशेष सम्मान समारोह आयोजित कर दी भावभीनी विदाई



महापौर श्रीमती कुंती देवड़ा परिहार रामचंद्र सोलंकी को सम्मानित करते हुए

**जीवन परिचय :** कर्मशील व्यक्तित्व के धनी व्यास बाग सुरसागर निवासी श्री रामचंद्र सोलंकी का जन्म 4 फरवरी, 1934 को साधारण कृषक श्री गोविंदराम के घर पर हुआ। नेतृत्व क्षमता से परिपूर्ण रामचंद्र सोलंकी ने 1950 में ही मेट्रिक परीक्षा पास कर टेलिफोन विभाग में बतौर टेलिफोन ऑपरेटर नौकरी आरंभ की। आपके सफल नेतृत्व एवं संगठनात्क शक्ति की पहचान कर कर्मचारी संघों ने सेवा पर्यन्त जिम्मेदारियों से बांधे रखा। जिसमें सचिव अखिल भारतीय दूर संचार कर्मचारी संघ जोधपुर मण्डल, सचिव टेलिफोन रिक्रियेशन क्लब, जोधपुर। सचिव टेलिफोन केन्टीन और अखिल भारतीय दूर संचार कर्मचारी संघ, राजस्थान परिमण्डल तृतीय वर्ग जयपुर के अध्यक्ष के तौर पर सेवा कार्य करते हुए अपने 40 वर्षो की नौकरी में जोधपुर शहर को बी-2 का दर्जा दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक केस लड़ सभी कर्मचारियों को लाभ दिलाया। आपके सेवानिवृति के अवसर पर भव्य समारोह आयोजन कर विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार लगा अपार जनसमूह से अभिनंदन किया जिसका स्थानीय समाचार पत्रों में भी प्रमुखता से प्रकाशन किया गया।

सेवानिवृति के पश्चात रामचंद्र सोलंकी ने समाज हित में तन-मन-धन वचन एवं कर्म से अमूल्य योगदान देते हुए वर्ष 1991 में अखिल भारतीय माली समाज संस्थान, धर्मशाला हरिद्वार के मंत्री पद पर रहते हुए 'जोधपुर भवन हरिद्वार' भव्य धर्मशाला के निर्माण में महत्ती भूमिका निभाते हुए जोधपुर के छित्तर के पत्थर का बिल्डिंग बनाया। जिसके लिए पटियाला हाउस के नाम से प्रसिद्व भवन जो कि उस वक्त करीब 1 करोड़ की कीमत का था लेकिन आपने स्वामी दर्शनसिंह महाराज देवपुरा के सहयोग से केवल 35 लाख में यह भवन समाज के भामाशाहों दानदाताओं के सहयोग से खरीद कर हर की पेढ़ी पर जोधपुर भवन धर्मशाला का निर्माण करवा जोधपुर की पहचान बनाई। आपने 10 वर्षो तक इस संस्था के लिए नि:स्वार्थ भाव से कार्य किया जिसमें आपने 8 बार निर्विरोध मंत्री पद पर कार्य किया। साथ ही संस्था की तीन स्मारिकाओं के माध्यम से धर्मशाला में सहयोग करने वाले समाज के सभी वर्गो का बहुमान किया। आपके कार्यकाल की विशेषता यह रही कि आपने आय-व्यय का पारदर्शी लेखा हर वर्ष प्रस्तुत करते हुए सम्मानपूर्वक मंत्री पद से स्वैच्छिक निवृत पाई।

''कर्मशील को फूरसत कहां'' यह उक्ति रामचंद्र सोलकी के जीवन को चरितार्थ करती है। मंत्री पद से निवृत होते ही इन्हें श्री सैनिक क्षत्रिय माली समाज संस्थान, जोधपुर भवन द्वारा संचालित रामदेवरा धर्मशाला के अध्यक्ष पद पर आसीन किया गया। आपकी ईमानदारी रचनात्मक एवं संघठनात्मक विचारधारा से प्रभावित दानवीरों ने उस भवन के निर्माण एवं विस्तारीकरण में आपका पूर्ण योगदान प्रदान किया। आपने जीवन में कभी चुनाव नहीं लड़ा और इस धर्मशाला के अध्यक्ष पद पर अनेकों अनेक निर्माण कार्य करवाएं। अपने 20 वर्षो के कार्यकाल में रामदेवरा में 6 प्लॉटों पर धर्मशालाओं का निर्माण करवाया यहीं नहीं भामाशाह मांगीलाल परिहार से प्राप्त 7बीघा जमीन पर प्रथम विश्राम हेतु 2 टिन सेट व हॉल का निर्माण बंशीलाल परिहार बालरंवा के पूर्व सरपंच द्वारा करवाया। इसके साथ ही जोधपुर में बाबा के जातरूओं के लिए कायलाना मेन रोड़ स्थित सुगना भवन जैसे मेन रोड़ का कीमती प्लॉट जो समाज के भामाशाह मांगीलाल सोलंकी द्वारा प्रदान किया गया उस पर समाज के भामाशाहों के सहयोग से भव्य सर्व सुविधा युक्त धर्मशाला का निर्माण करवा सुविधा उपलब्ध करवाई साथ ही इस भवन में रामदेवरा धर्मशाला का मुख्य कार्यालय भी बनाया।

इसके अलावा आपने मौहल्ला विकास समिति गेंवा गांव के सचिव पद पर। हिन्दु सेवा मण्डल चंदा समिति के उप सचिव पद पर। सांई श्री जगदीश भाटी मानव सेवा संस्थान के सचिव के पद पर रहते हुए अनेकों नेक सेवा कार्य किए।

इस प्रकार अपने जीवन के महत्वपूर्ण 30 वर्षो तक रामचंद्र सोलंकी ने निर्विघ्न, नि:स्वार्थ भाव से बिना किसी विवाद के अपनी अथक मेहनत कर्मशीलता से सेवा के नए आयाम स्थापित किए। महान कर्मवीर, धर्मपारायणता से ओतप्रोत व्यक्तित्व के धनी को जब अध्यक्ष पद से स्वैच्छिह सेवानिवृति का अवसर आया तो समाज ने भी पहली बार भव्य आयोजन कर आपको सेवानिवृति समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई देते हुए संस्था के मुख्य कार्यालय से निवास स्थान तक बग्गी में बैठाकर बैण्ड बाजों के साथ आपका बहुमान किया।

समाज सेवा के अभिप्राय रामचंद्र सोलंकी जैसे विरले बहुत कम ही होते है जो आजीवन सेवा के कार्यो से समाज के सभी वर्गो का मान-सम्मान प्राप्त करते है हम सभी रामचंद्र सोलंकी की लम्बी उम्र की प्रार्थना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है आशा ही नहीं पूर्व विश्वास है कि आपकी सेवाएं सेवानिवृति के पश्चात भी समाज हित के लिए मार्गदर्शन के साथ हमें मिलती रहेगी।

# सैनी समाज की निशुल्क कोचिंग क्लासेज का हुआ शुभारम्भ





**गंगापुर सिटी।** सावित्रीबाई फूले महात्मा ज्योतिबा फूले सेवा समिति गंगापुर सिटी के तत्वावधान में रविवार को सैनी धर्मशाला में सैनी माली नि:शुल्क कोचिंग क्लासेज का शुभारंभ माली सैनी समाज के द्वारा किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष सचिन सैनी ने आर्थिक सहयोग प्रदान कर शिक्षा के प्रति बालक एवं बालिकाओं को बढ़ाने पर अपने विचार रखे।

जिलाध्यक्ष सचिन सैनी के साथ आए नानकराम सैनी, सोनू सैनी, राजेश सैनी ने भी आर्थिक सहयोग प्रदान किया एवं बालक-बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। जिला परिषद सदस्य श्याम लाल सैनी बाटोदा ने शिक्षा के प्रति बालक और बालिकाओं को बराबर का हक देने की बात कही। गंगापुर सिटी आम चौरासी सैनी समाज अध्यक्ष गिर्राज प्रसाद सैनी उदेई ने सावित्रीबाई फूले के आदर्शों को अपनाने की बात कही। महात्मा ज्योतिबा फूले अध्यक्ष रामफूल सैनी ने नि:शुल्क कोचिंग क्लासेज में भामाशाह के रूप में दान देकर अन्य भामाशाहों को प्रेरित किया। तहसील कार्यकारिणी अध्यक्ष सीताराम सैनी ने बालक-बालिकाओं को कॉम्पीटीशन क्लासेज में आगे बढ़ाने पर जोर दिया। धर्मशाला अध्यक्ष हरिचरण सैनी ने धर्मशाला निर्माण की बात कही। कोचिंग क्लासेज अध्यक्ष कुंजीलाल सैनी ने नि:शुल्क कोचिंग क्लासेज में पढने वाले छात्र-छात्राओं को अनुशासन के बारे में बताया। कोषाध्यक्ष शम्भूलाल सैनी ने भी बालकों कि शिक्षा के बारे में अपने विचार प्रकट किए। जिला उपाध्यक्ष रघुवीर सैनी ने समाज के बालक-बालिकाओं को बाहर न भेजकर यहीं शिक्षा देने की बात कही। पूर्व अध्यक्ष रामकेश सैनी ने समाज के छात्र-छात्राओं को नियमित अध्ययन करने तथा अनुशासन में रहकर निशुल्क कोचिंग क्लासेज का फायदा उठाने के बारे में कहा।

फैकल्टी के तौर पर बैंक कैशियर धर्मराज सैनी, बजरंग लाल सैनी, अशोक सैनी, हर्ष सैनी, पूर्व प्रधानाचार्य डाइट घनश्याम सैनी सैनी ने पाठ्य पुस्तक का विमोचन किया और अपने विचारों को व्यक्त किए। सब्जी मंडी की ओर से धर्मशाला में बनाया गया हॉल नि:शुल्क कोचिंग क्लासेज को सुपुर्द किया। इस मौके पर सब्जी मंडी अध्यक्ष रामखिलाड़ी सैनी, जगमोहन सैनी, मोहरसिंह सैनी, दिनेश सैनी व सब्जी मंडी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं की ओर से कोचिंग का सब्जी मंडी हॉल में शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में सभी भामाशाहों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में गंगापुर सिटी, बामनवास, नादौती, बडौदा, मलारना, सवाई माधोपुर में कई लोग बाहर से पधारें। नि: शुल्क कोचिंग क्लासेज के उद्घाटन अवसर पर जिलाध्यक्ष सचिन सैनी ने वाटर कूलर दान दिया व कोचिंग क्लासेज का लोकार्पण किया। राजेंद्र सैनी युवा अध्यक्ष, भरतलाल सैनी मीडिया प्रभारी, कालूराम सैनी महामंत्री, विजय डीलर, कैलाश सरपंच, सुरज्ञान सरपंच, जगदीश सैनी, गहलोत नगर, मन्नू सभापति, मीठा लाल सैनी पार्षद, लक्ष्मण सैनी, विजय डीलर नौगांव, कल्लाराम पटेल, भौंरीलाल सैनी, पप्पू मुंशी, लड्डूलाल सैनी, मुकेश सैनी, राजेश सैनी, रूपचंद सैनी, गिर्राज सैनी, गोपाल प्रोपर्टी डीलर, घनश्याम, सतानंद, मानसिंह, कमलेश सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। यह जानकारी पूर्व अध्यक्ष रामकेश सैनी ने दी।

# सर्वसमाज के सामुहिक विवाह सम्मेलन की रही धूम, 20 जोडें बने हमसफर- थामा एक दुसरे का हाथ





अजमेर। दिनाक 25 फरवरी गुरुवार को गोकुलधाम आश्रम के तत्वावधान मे यह सातवां सर्व समाज का सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजन किया गया। कोराना महामारी के चलते दो विवाह स्थल पर विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। पहला राधा- रानी गार्डन गुलाबाडी, और दूसरा सीताराम की बगीची,मलूसर रोड.पहाडगंज मे सम्पन्न हुआ। दोनों विवाह स्थलो पर दो चरणबंद्ध तरीकें से सामुहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न हुआ। विवाह का पहला चरण सुबह 8.00 बजे से 2.00 बजे तक तथा दूसरा शाम 04.00 बजे से 7.00 बजे तक दो शिफ्टों में सम्पन्न हुआ। विवाह के लिए अजमेर तथा आसपास के क्षेत्रो के अलावा अहमदाबाद, मारवाड़ से भी जोडें आये। राज्य एवं जिला प्रशासन की गाईड लाईन का ध्यान रखते हुये मास्क, सैनीटाईजर का प्रयोग किया गया साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का भी विशेष ध्यान रखा गया था। इस सम्मेलन नवदम्पति को सोने का लौंग,चांदी की पायजेब के अलावा घर-गृहस्थी चलाने के सारे सामान दिये गये। प्रतिष्ठित व प्रख्यात पंडितो द्वारा पाणिग्रहण संस्कार मंत्रोच्चार से पुरा किया गया। गोकुलधाम आश्रम के तत्वावधान मे अब तक सामुहिक विवाह सम्मेलन मे 94 वर-वधु को दाम्पत्य जीवन मे बांध चुके हैं। गोकुलधाम आश्रम के महाराज वीरभद्र जी ने सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन आये सभी वर-वधु ,परिवार व अतिथियो को आशीर्वाद,आभार व धन्यवाद दिया। इस अवसर पर गोकुल धाम आश्रम के कार्यकर्ताओ में भंवरलाल सांखला, अशोक यादव, हेमेन्द्र सिगोंदिया, प्रदीप कच्छावा, गोपीकिशन जादम, श्यामलाल तंवर, घनश्याम बनिष्ठीयां, यशोदा नंदन चौहान, कन्हैया लाल चौहान, पुष्कर नारायण, रामलाल भाटी, अशोक टाकं, विजय सिह भाटी, पुनम तंवर, सुलोचना कच्छावा ने सेवाएं दी।

# उदयपुरवाटी के पालिकाध्यक्ष चुनें गए रामनिवास सैनी



उदयपुरवाटी। नवनिवार्चित पालिकाध्यक्ष रामनिवास सैनी उम्र 61 वर्ष है। एल.एल.बी पास सैनी पिछले 27 साल से उदयपुरवाटी में वकाला कर रहे है। एडवोकेट रामनिवास सैनी 30 वर्षो से सक्रिय राजनीति में है। सैनी शुरूआत में जनसंघ के कार्यकर्ता रहे। उनके पूर्व राष्ट्रपति भैरोसिंह शेखावत के साथ अच्छे संबध थे। पूर्व राष्ट्रपति भैरोसिंह उनके घर भी कई बार आ चुके है। एडवोकेट रामनिवास सैनी ने अपने 30 साल के राजनीतिक जीवन में तीन विधानसभा के चुनाव तो एक पालिकाध्यक्ष का चुनाव लड़ा। दो बार भाजपा की टिकट से तो एक बार निर्दलीय के रूप में विधानसभा चुनाव लड़ा। लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। एडवोकेट रामनिवास सैनी सर्वप्रथम वार्ड मेंबर, उसके बाद पंचायत समिति के सदस्य पद पर निर्वाचित हुए। एडवोकेट रामनिवास सैनी उदयपुरवाटी में पत्रिका के प्रथम पत्रकार रह चुके है उन्होंने 1985 से 2002 तक पत्रकारिता में अपना नाम कमाया था। एडवोकेट रामनिवास सैनी उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्र से प्रदेश भर में पत्रकार के नाम से जाने पहचाने जाते है। सैनी को ढ़ाई साल पहले लोकसभा चुनाव में भाजपा में मान सम्मान नहीं मिलने से भाजपा को अलविदा कह दिया और कांग्रेस में शामिल हो गए। जिसके बाद विधायक राजेन्द्र सिंह गुढ़ा के कांग्रेस में शामिल होने के बाद उनके संपर्क में आए और विधायक गुढ़ा ने रामनिवास सैनी को कांग्रेस की ओर से उदयपुरवाटी नगरपालिका का अगला प्रत्याशी घोषित कर दिया था। कांग्रेस में शामिल होने के बाद अपने तीस साल के राजनीतिक जीवन में पहली बार रामनिवास सैनी को बड़ी कामयाबी मिली और वे उदयपुरवाटी के पालिकाध्यक्ष चुने गए है। रामनिवास सैनी ने अपने शपथ ग्रहण समारोह में सभी को विश्वास दिलाया कि नगरपालिका में बिना भेदभाव के विकास के काम होगें। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक राजेन्द्र सिंह गुढ़ा थे। विशिष्ट अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष रूड़मल सैनी, पूर्व पालिकाध्यक्ष छोटूराम सैनी थे। हम सभी उन्हें हार्दिक बधाई प्रेषित करते है तथा हमें विश्वास है कि उनके कार्यकाल में उदयपुरवाटी के सभी वार्डो में जनहित के कार्यो से आमजन को लाभान्वित किया जाएगा।

# कांग्रेस के विष्णु कुमार सैनी बने नगरपालिका चौमूं के चेयरमैन




चौमूं। नगर पालिका चुनाव 2020 के लिए कांग्रेस प्रत्याशी वार्ड 23 के पार्षद विष्णु कुमार सेनी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी वार्ड 24 के पार्षद सुनील को 19 मतों से हराकर नगर पालिका चेयरमैन पद पर विजय प्राप्त की। चेयरमैन पद की घोषणा के बाद विष्णु कुमार ने सभी पार्षदों का आभार प्रकट करते हुए मिडिया से रूबरू होत हुए कहा कि राज्य में कांग्रेस सरकार ने दो साल में जो विकास कार्य किए है उससे जनता में पार्टी में विश्वास जताया और कांग्रेस बोर्ड बनाया, इसके लिए पार्टी की ओर से मैं चौमूं की जनता का आभार प्रकट करता हूं। वैसे चेयरमैन सीट सामान्य वर्ग के लिए रिजर्व थी और अनेकों कयास लगाए जा रहे थे लेकिन विष्णु कुमार सैनी ने सभी संभावनाओं को दरकिनार करते हुए नगर पालिका में कांग्रेस पाटी का परचम लहराते हुए चेयरमैन सीट पर विजय हासिल की।

ज्ञात रहे विष्णु कुमार सैनी समाज के वरिष्ठ राजनीतिज्ञ पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी के सुपुत्र है तथा भगवान सहाय सैनी लंबे अर्से से पार्टी के दमदार नेता के रूप में अपनी पहचान यहां रखते है यहीं नहीं उनके द्वारा आमजन के प्रति मान सम्मान भी है क्योंकि भगवान सहाय सैनी सभी वर्गो को साथ लेकर चलते है। उनके मार्गदर्शन में युवा चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी अवश्य ही क्षेत्र की जनता को उनकी जनहित की अनेकों समास्याओं से न केवल निजात दिलाएंगे वे क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में आमजन की मंशा के अनरूप जन सेवा के कार्य कर लाभान्वित करेंगें।

# विभिन्न शहरों में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष



**श्रवण माली खडोलिया**
छापर नगर पालिका
अध्यक्ष



**भरतलाल सैनी**
टोडारायसिंह नगर पालिका
अध्यक्ष



**श्रीमती गीता सैनी**
खेतड़ी नगरपालिका
अध्यक्ष



**रामस्वरूप भाटी**
जैतारण नगर पालिका
अध्यक्ष



**अमित मारोठिया**
सुजानगढ नगर परिषद
उपाध्यक्ष



**बलवंत सैनी**
भादरा नगर पालिका
उपाध्यक्ष

## बनने पर पत्रिका परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं अनन्त शुभकामनाएँ।



बधाई एवं शुभकामनाएं।

# धर्मसिंह सैनी दूसरी बार बने सैनी शिक्षण संस्था के प्रधान



रोहतक। सैनी शिक्षण संस्था की चुनावी प्रक्रिया रविवार को संपन्न हो गई। चुनाव में धर्म सिंह दहिया कश्वलेजियम के 98 में से 56 सदस्यों का विश्वास प्राप्त कर दूसरी बार प्रधान बने। मतदान में 100 में से 98 वोट पोल हुए। प्रधान पद के दूसरे दावेदार के रूप में चुनाव मैदान में उतरे प्रवीण सैनी को 42 वोट मिले। चुनाव परिणाम घोषित होने के साथ प्रधान पक्ष के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस मौके पर समर्थक विजयी जुलूस के रूप में प्रधान को घर तक ले गए।

संस्था की नई कार्यकारिणी चुनाव के लिए रविवार सुबह 10 बजे मतदान शुरू हुआ। शुरुआत तेज रही। दोपहर सवा बारह बजे तक 70 प्रतिशत मतदान हो गया था। पौने दो बजे तक 90 प्रतिशत व पौने तीन बजे तक 96 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान प्रक्रिया के दौरान दोपहर करीब तीन बजे आखिरी वोट डाला गया। इस वोट के साथ कश्वलेजियम के 100 में से 98 वोट पोल हुए। दो वोट पोल नहीं हुए। इनमें से एक कश्वलेजियम सदस्य के घर मौत होना व दूसरे के घर में बेटी की शादी होना रही। इसके बावजूद नियमानुसार शाम चार बजे तक मतदाता का इंतजार किया गया। इसके बाद मतगणना शुरू हुई।

**मतगणना को लेकर बनी रही उत्सुकता**

संस्था चुनाव के तहत हुई मतदान को लेकर उम्मीदवारों में शुरू से ही उत्सुकता बनी रही। हार जीत को लेकर केवल सचिव पद पर ही करीबी मामला रहा। इस पद के लिए विजय पैनल से दो वोट और पोल होते तो मामला टाई हो सकता था। यहां 50-48 वोटों के अंतर से हार-जीत का फैसला हुआ।

**कार्यकारिणी के चार सदस्य निर्विरोध चुने**

संस्था चुनाव में कार्यकारिणी के चार सदस्य निर्विरोध चुने गए। इनमें वार्ड नंबर 18 से आजाद सिंह सैनी, वार्ड 84 से दीपक कटारिया, वार्ड 94 से सुनील कुमार व वार्ड 98 से जयपाल सैनी शामिल हैं। इनके वार्ड से एक-एक ही नामांकन आने के चलते इन्हें निर्विरोध चुन लिया गया।

**चुनाव में इनका रहा सहयोग**

संस्था के चुनाव अधिकारी जेपी सैनी ने बताया कि चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्वक रहा। शुरू में बड़ी चुनौती लगा। बाद में समाज व संस्था कर्मचारियों का सहयोग मिला तो सब आसान होता गया। पुलिस व प्रशासन से भी सकारात्मक सहयोग मिला। रविवार के चुनाव में गौड़ कश्वलेज के पूर्व प्राचार्य डश्व. जेएन शर्मा बतौर पर्यवेक्षक तैनात रहे। वहीं संस्था की ओर से जींद के नायब तहसीलदार खेमचंद सैनी, पूर्व तहसीलदार शिव कुमार सैनी समेत पूरे समाज का सहयोग रहा। अगली बार संस्था में सर्वसम्मति से ही प्रधान चुना जाए, ऐसा प्रयास रहेगा।

**समाज ने काम पर जताया विश्वास : प्रधान**

संस्था के नवनियुक्त प्रधान धर्म सिंह दहिया ने कहा कि समाज के लिए किए गए कार्यो के लिए लोगों ने विश्वास जताया है। इसलिए दूसरी बार प्रधान बना। अब संस्था की आठ एकड़ जमीन को कब्जा मुक्त कराना है। इसके अलावा बीएड व डिग्री कॉलेज को नियमित मान्यता दिलानी है। पब्लिक स्कूल को मान्यता दिलाने के साथ बेहतर बनाना है। अगला प्रयास संस्था में नई सुविधाएं मुहैया कराने का रहेगा। धर्म सिंह दहिया प्रधान सैनी एजुकेशन सोसायटी (रजि.) रोहतक ने बताया कि शिक्षा व खेल के क्षेत्र में सैनी शिक्षण संस्थाओं की रहेगी अग्रणी भूमिका।

सैनी शिक्षण संस्था रोहतक के शांतिपूर्ण चुनाव सम्मन्न होने पर व धर्म सिंह दहिया (सैनी) पैनल को भारी बहुमत से जिताने पर आज चमनपुरा मोहल्ला स्थित हनुमानजी मंदिर में हलवे के प्रसाद की सवामणी का भोग लगा कर सभी श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रधान धर्म सिंह दहिया के पैनल द्वारा धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सैनी एजुकेशन सोसायटी के त्रिवार्षिक चुनाव में विजय प्राप्त करने वाले दहिया पैनल के सदस्यों ने हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया। नवनियुक्त प्रधान श्री धर्म सिंह दहिया ने कहा कि समस्त सैनी समाज एवं नव निर्वाचित कालिजियम सदस्यों ने उन पर व उनके पैनल पर जो भरोसा जताया है, वह उसे कभी टूटने नहीं देंगे। शिक्षा व खेल क्षेत्र में सैनी संस्थान के विद्यार्थियों ने प्रदेश ही नहीं पूरे देश में अलग पहचान बनाई है और वह इस परम्परा को लगातार जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिका संस्थान का चहुमुखी विकास करवाना है। संस्थान के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक भव्य समारोह का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें शिक्षा व खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व प्रधान बलजीत सैनी अवनीश सैनी, अजमेर सैनी, सुरेंद्र काले, गौतम सैनी, ;तुराज सैनी, अजमेर सैनी, अमित सैनी, जयपाल सैनी, राजेश सैनी, अमित सैनी बालाजी, सुनील सैनी, शैलेंद्र एडवोकेट, सुरेश एडवोकेट, जगदीश सैनी, अनिल सैनी, जगदीश सैनी बाबरा, पुरुषोत्तम सैनी, नीरज कपूर, ओम प्रकाश सैनी, बुधराम सैनी, दीपक कटारिया, रवि सैनी, कुटू सैनी, पवन सैनी, बंटी सैनी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।








# सैनी समाज के 12 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

पावटा। ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज व महात्मा ज्योतिबा फूले के संयुक्त तत्वावधान में बंसत पंचमी पूर्व पर राम विहार मैरिज गार्डन में सैनी समज के आदिर्श सातवां सामूहिक विवाह सम्मेलन राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सैनी के मुख्य आतिथ्य व पूर्व विधायक चौमूं भगवान सहाय सैनी की अध्यक्षता में हुआ। इसमें 12 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए दिलबाग सिंह सैनी ने कहा कि सामूहिक विवाह में विवाह करना अच्छी बात है जिससे फिजूल खर्चे नहीं होते है। आपसी प्यार भी बढ़ता है व समाज में एकजुटता भी आती है। विराटनगर विधायक इंद्राज गुर्जर ने अन्य समाजों को भी सामूहिक विवाह के माध्यम से शादी करने की अपील की, जिससे समाज में दहेज प्रथा जैसी कुप्रथाए जड़ से समाप्त हो सके। शैफाली कुशवाह डिप्टी कमिश्नर जेडीए ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरूतियों को दूर करने का सबसे कारगर माध्यम सामूहिक विवाह बालिका शिक्षा है। विराटनगर के पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद ने भी सामूहिक विवाह को अच्छा प्रयास बताया। इस अवसर पर महेन्द्र सैनी, राधेश्याम सैनी, शाहपुरा नगरपालिका चेयरमैन बंशीधर सैनी, गुड्डू सैनी सहित अनेकों प्रबुद्धजनों ने अपने विचार प्रकट करते हुए इस आयोजन के लिए हार्दिक आभार प्रकट करते हुए सभी नव विवाहित जोड़ो के सुखी दाम्पतय जीवन की मंगल कामना की। कस्बे की सब्जी मण्डी से बैंड बाजों के साथ बारात रवाना हुई, जिसमें 12 दूल्हे घोड़ी पर सवार होकर विवाह स्थल पहुंचे। जहां आयोजकों रामसिंह सैनी, रामेश्वर सैनी, कैलाश सैनी, पूर्व खेलना सरपंच गोकुल सैनी, रामसिंह पाथरणा, जगदीश खेमजी सहित कई लोगों ने बारात का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत श्री जानकी दास महाराज, संत श्री मोहनदास महाराज व टोरडा बाबश्री भरतदास जी महाराज बगीची के महंत श्री मंगलदाजी महाराज द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष रामसिंह सैनी दादूका, ब्लॉक अध्यक्ष रामेश्वर सैनी, राजेन्द्र जाजिम लालण वाले सहित समाज के कई सदस्यों ने समारोह में अए अतिथियों व संतों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। संस्था के प्रदेशाध्यक्ष रामसिंह सैनी ने आयोजन की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा सभी 12 जोड़ो को हार्दिक मंगलमयी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रामेश्वर सैनी, अशोक सैनी, रामसिंह पाथरान, प्रह्लाद सैनी, कैलाश सैनी, टसकोला सरपंच मुकेश सैनी, राजू सैनी, कैलाशचंद्र सैनी, सज्जन कुमार सैनी, देवकरण सैनी, सुवालाल सैनी, ओमप्रकाश सैनी सहित अनेकों गणमान्य लोगों के साथ ही समाज के सभी वर्गो ने भाग लिया।

# उज्जैन धर्मशाला में होगा मंदिर निर्माण बैठक में धन संग्रह की बनी योजना







सारंगपुर फूल माली समाज उज्जैन धर्मशाला समिति की दो दिवसीय बैठक चार धाम मंदिर उज्जैन के सामने स्थित समाज की धर्मशाला में रविवार को धर्मशाला समिति अध्यक्ष हरीनारायण माली भोपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई खासकर धर्मशाला विस्तार एवं मंदिर निर्माण पर चर्चा की गई जिसमें तारागंज के पूर्व सरपंच खुशीलाल पुष्पद द्वारा मंदिर निर्माण के लिए 2 लाख 51 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा की वही धर्मशाला विस्तार के लिए युवा माली महासभा प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम माली भोपाल द्वारा 51 हजार रुपए देने की घोषणा की परगना पंचायत ब्यावरा चाचौड़ा क्षेत्र द्वारा 21 हजार रुपए देने की घोषणा की वही फूलमाली सोशल ग्रुप मध्य प्रदेश द्वारा 8500 रुपए बैठक में दिए गए शासकीय महाविद्यालय पचोर में पदस्थ राजेंद्र कुमार पुष्पद द्वारा अपने पिता की स्मृति में धर्मशाला में वाटर कूलर लगाया गया वही धर्मशाला समिति के संस्थापक अध्यक्ष ओंकार सिंह बागवान की स्मृति में उनके पुत्र गुलाब सिंह बागवान द्वारा धर्मशाला का भव्य मुख्य द्वार निर्माण कराने की घोषणा की तथा धन संग्रह के लिए सर्वसम्मति से जिला प्रभारी नियुक्त किए गए जो धन संग्रह करने वाली टोली के साथ सहयोग करके धर्मशाला निर्माण के लिए धन संग्रह का कार्य करेंगे वही धर्मशाला का नक्शा तैयार किया जाएगा बैठक मैं वरिष्ठ रोडेराम पुष्पद खुजनेर फुल माली सोशल ग्रुप प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र पुष्पद पचोर मोहनलाल कनोडिया सुसनेर संतोष माली बापचा जगदीश बागवान रामपुरा भागीरथ बलिया उज्जैन बंशीलाल पुष्पद तलेनी दीपक पुष्पद जीरापुर जगदीश सुमन नापानेरा राधेश्याम पेंटर बखेड करण सिंह बागवान धामन्दा सहित अन्य लोगों ने अपने अपने विचार प्रकट किए कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष ओम पुष्पद द्वारा किया गया तथा आभार सचिव राजेंद्र सुमन ने माना इस अवसर पर शिवनारायण पुष्पद काका राधेश्याम बागवान मोहन लाल सैनी सीहोर मनोज पुष्प रामनारायण पुष्पद भागीरथ कनोडिया गोवर्धन लाल माली कमल बागवान मुलचंद माली रमेशचंद्र माली विजय बल्दिया माखनलाल बागवान किशोर बागवान ओम प्रकाश माली पवन पुष्पद शुभम पुष्पद लाडसिंह मनोहर लाल बागवान बाबूलाल बागवान मुकेश बागबान सुरेश माली कैलाश बागवान नंदू बागवान सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे।

# कांग्रेस की सुमित्रा सैनी बनी चिड़ावा चेयरमैन

## शाही अंदाज में किया स्वागत



चिड़ावा। नगर पालिका के चेयरमैन पर पर कांग्रेस प्रत्याशी सुमित्रा सैनी निर्वाचित हुई। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के अनूप भगेरिया को 5 मतों से हराया। कुल 40 पार्षदों में से एक पार्षद गंगाधर सैनी ने अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया। पूर्व पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी की पुत्री कांग्रेस प्रत्याशी सुमित्रा सैनी को 22 वोट मिले तथा भजपा के अनूप को 17 वोट प्राप्त हुए। यहां पालिकाध्यक्ष के लिए 6 प्रत्याशी मैदान में थे। लेकिन चार निर्दलीय प्रत्याशी को एक भी वोट प्राप्त नहीं हुआ। सुमित्रा सैनी पूर्व में बुडाना ग्राम पंचायत की युवा सरपंच भी रही। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से परिवार की निकटता भी हैं सुमित्रा सैनी की जीत की घोषणा होते ही नगर पालिका कार्यालय के बाहर खड़े सर्मथकों ने नारे बाजी शुरू कर दी। और विजय जुलूस निकाला गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष सुमित्रा सैनी का कहना था कि वह निष्पक्ष रूप से चिड़ावा के विकास हेतु कार्य करवाएगी। सभी वार्डो में समानता के आधाार पर विकास कार्य के लिए बजट आबंटित होगा तथा विकास कार्य में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा। अध्यक्ष बनने के बाद सुमित्रा सैनी का शाही अंदाज में स्वागत किया गया। बेटी के जन्म पर जलवा पूजन और बेटी के विवाह पर बंदौली निकालकर मां और बेटियों का सम्मान बढ़ाने वो झुंझनूं जिले ने अब एक बहु का मान बढ़ाकर समाज के समाने एक स्वस्थ्ठ परम्परा की नींव रखी है। ऐसा ही नजारा देखने को मिला बुड़ाना ग्राम पंचायत की पकौड़ी की ढ़ाणी में जहां पर एक बहू को बड़े शाही अंदाज में स्वागत किया गया। पहली मर्तबा अपने ससुराल अध्यक्ष बन कर पहुंचने पर महिलाओं और गांव के लोगों ने यह निर्णय लिया और कहा कि बहू और बेटियां इस तरह आगे बढ़ेगी और उनका मान सम्मान भी शाही अंदाज में किया जाएगा तो ही बेटियों में आगे बढ़ने की ललक बनेगी।

सुमित्रा सैनी पहली बार पकौड़ी की ढाणी की बहू और चिड़ावा की बेटी सुमित्रा सैनी जब ससुराल के गांव पहुंची तो यहां अपनी बहू का ससुराल वालों ने सम्मान और स्वागत किया। सबसे पहले बुडाना गांव के बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद बहु सुमित्रा को घोड़ी और बग्गी में बैठा कर पूरे गांव में घुमाया गया। इस दौरान पूरी पंचायत ही अपनी बहू के स्वागत को उमड़ पड़ी। लोगों ने जमकर खुशियां मनाई। इस स्वागत से सुमित्रा सैनी भी भाव विभोर हो उठी। बूढ़ी सास भी अपनी बहू के स्वागत में जमकर ठूमके लगाए। यहीं नहीं देवरानी जेठानियों ने भी जमकर गांव की महिलओं के साथ मिलकर नृत्य किया। सुमित्रा सेनी ने सभी को गले लगाकर और बड़ों के थोक खाकर आशीर्वाद लिया। गांव में चेयरमैन सुमित्रा सैनी, पार्षद लोकेश सैनी सहित पार्षदों का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर चेयरमैन को लड्डूओं से तौला भी गया।

आपको बता दे कि सुमित्रा सैनी 2010 से 2015 तक बुडाना ग्राम पंचायत की सरपंच भी रही है। इस दौरान भी सुमित्रा सैनी ने गांव में शराब बंदी का अभियान चलाया था। सरपंच कार्यकाल के दौरान बेटियों के स्वास्थ्य का खास अभियान चलाया था। एनीमिया मुक्त पंचायत की भी मुहिम चलाई गई। कोई भी बेटी स्कूल से वंचित नहीं रहें इसके लिए सुमित्रा सैनी ने अभियान चला उसमें शत प्रतिशत सफलता भी प्राप्त की थी। समाज की मातृशक्ति के द्वारा जनहित के कार्यो में विशेषकर महिलओं के उत्थान एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए योगदान के लिए आभार अभिनंदन। आपके कार्यकाल में क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा ऐसी हमारी आशा है।



**आज शिव नगरी के हमारे सभी बड़े बुजुर्गो माताओं बहनों और युवा साथियों को तहे दिल से सम्मान करते हुए आभार प्रकट करती हूं।ये जीत मेरी नहीं है,ये जीत आप सबकी जीत है।शिव नगरी के हर छोटे बच्चे से लेकर सम्मानित आमजन की जीत है।मैं आपकी बहन बेटी बनकर हमेशा आपके सुख दुख में भागीदार रहूंगी। आप सबके लिए ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से बिना किसी भेदभाव के अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूंगी। चिड़ावा के हर आमजन से हाथ जोड़कर कहना चाहती हूं,अपनी बेटी और बहन से अपनी किसी समस्या पीड़ा ओर काम के लिए मिलने के लिए सीधा मुझसे मिले हम पुरी कोशिश करेंगे चिड़ावा की सेवा करें आम लोगों के काम करें ओर शिवनगरी का विकास हो ।**

**एक बार फिर आप सबका प्यार सम्मान और आशीर्वाद के लिए बहुत बहुत आभार - श्रीमती सुमित्रा सैनी, चेयरमैन**

# गुरुजी श्री हरिकिशन सैनी की 54वीं जयंती पर रक्तदान शिविर एवं व्याख्यानमाला का आयोजन








चौमूं। शहर के रींगस रोड पर स्थित गुरूजी हरिकिशन भवन, एमजेएफ नर्सिंग कॉलेज कैम्पस में बुधवार को समाजसेवी शिक्षाविद गुरूजी श्री हरिकिशन सैनी की स्मृति में उनके 54वीं जयंति पर संत श्री सुवालाल हरिकिशन सैनी जनकल्याण संस्थान चौमूं के तत्वाधान में रक्तदान शिविर एवं व्याख्यानमाल का आयोजन किया गया। शिविर में 175 लोगो ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में व्याख्यानमाला में तनाव एवं बचाव, कोरोना प्रभावित दुष्प्रभाव एवं रक्तदान का महत्व पर डॉ. जी.सी. चतुर्वेदी, डॉ. शिवांगी पांडे, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. सुचेता वर्मा, डॉ. दिनश चौहान, डॉ. सचीन, डॉ. सुनील बोघिया, डॉ. ग्यारसी लाल बराला ने जनोपयोगी महत्वो के लिए विस्तार से प्रकाश डालते हुए अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में चौमूं विधानसभा एवं आसपास में क्षैत्र के काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

संस्था चेयरपर्सन कैलाश राज सैनी, उपखण्ड अधिकारी श्री अभिषेक सुराना आईएएस, गोविंदगढ पुलीस उपअधिक्षक श्री संदीप सारस्वत आरपीएस, विधायक रामलाल शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश विजयविर्गीय, लालाराम बलेसरा, पूर्व माली समाज अध्यक्ष मदन जादम, प्रहलाद अधोप्या, मदन सतरावला, माली समाज अध्यक्ष दिनेष सैनी तिगरिया, डॉ. हंस राज चौधरी उपाध्यक्ष आलंइडिया माली समाज सुरजमल ठेकेदार, मालीराम यादव, सरपंच मोहन बराला, राजेन्द्र पलसानीया, पूर्व पंचायत समिति सदस्य घासीलाल, पूर्व सरपंच जोधाराम यादव, कैलाश बेनाडिया, घीसा लाल सैनी, पूर्व अधिषाषी अधिकारी ओमप्रकाश सैनी, ओम प्रकाश अजमेरा, पप्पु सैनी, देवी सिंह शेखावत, पार्षद बाबुलाल सैनी, महेन्द्र लांबा, एडवोकेट धीरेन्द्र सैनी,लालाराम गुलिया, अभिषेक सैनी, श्रवण सैनी, कमल भातरा, कष्ण सैनी, कैलाश तिवाडी, लल्लुराम सैनी, सायर सैनी, सुरजमल जागिरदार, सीताराम सैनी, संतोष सैनी इत्यादि लोग मौजूद रहे। संस्था चेयरपर्सन कैलाश राज सैनी एवं उपखंड अधिकारी एवं गणमान्य लोगो ने रक्तदाताओ को प्रशस्ति पत्र एवं हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। शिविर में वेटनरी कॉलेज के डीन प्रो. आर. एन.कच्छावा, आयुर्वेद कॉलेज प्राचार्य प्रो. विजय शर्मा, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य सुरेन्द्र सैनी, शिक्षक प्रशिक्षण महाविधालय प्राचार्य डॉ. प्रमोद कसाना, डॉ. किरण शर्मा, एलएसए प्राचार्य डॉ. विजय शर्मा, स्कूल प्राचार्य डॉ. संगीता सैनी एवं निदेशक डॉ. नेमीचन्द सैनी, निदेशक विवेकानंद तंवर, इंजनियर पीएन त्यागी, उपस्थित रहे।





नौ सेना में बनी सब-लेफ्टिनेंट : पिता भी नौ-सेना में मुंबई में मास्टर चीफ पेटी ऑफिसर

# पानी में रहकर देश की सरहद बचाएगी करेगी अपनी सुनीता सैनी



पचलंगी। झुंझनूं जिले की बेटियों आकाश व जल में रहकर देश की रक्षा कर रही है इसी कड़ी में एक और नाम जुड़ गया है उदयपुरवाटी उपखण्ड के पापड़ा गांव की ढ़ाणी नोनला निवासी सुनीता सेनी जो नौ सेना में सब-लेफ्टिनेंट बनी है। उसने भारतीय नौसेना अकादमी एझिमाला (केरला) से 26 जनवरी, 2021 को कमीशन प्राप्त किया। सुनीता सैनी ने जयपुर से इंजीनियरिंग में स्नातक किया। इसके बाद उसने बेंगलूर में तीन साल तक निजी सॉफ्टवेयर कंपनी में भी अपनी सेवाएं दे चुकी है। साथ ही नौ सेना की भी तैयारी करती रही। सुनीता ने बताया कि उसके पिता हजारीलाल सैनी उसके प्रेरणा स्त्रोत है बचपन से ही उसका सपना नौ सेना में अधिकारी बनने का रहा है। पिता भी नौ सेना में मुंबई में चीफ पेटी ऑफिसर के पद पर तैनात है। वह भारतीय नौसेना की विशेष ब्रांच के क्लियेरेंस डाइवर (गोताखोर) के रूप में सेवा दे रहे है। अपने सेवा काल के दौरान नौ सेना के कई विशेष ऑपरेशन में अपनी प्रभावी व महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके है। सुनीता बचपन से ही पढ़ाई के साथ खेलों में भी अव्वल रही है।

**बेटों से कम नही हमारी लाडो :-** अफसर बेटी सुनीता की माता कमला देवी व पिता हजारी लाल सैनी ने बताया कि वह पूरे परिवार व समाज के साथ साथ हमारे लिए भी बहुत गौरव की बात है। जब बेटी स्टार लगाकर नौ सेना में अफसर बनकर आई तो खुशी से आंसू छलक पड़े। बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं है। सुनीता के दो बहन सरोज व प्रियंका व एक भाई योगेश है।

सुनीता के नौ सेना में चयन पर समाज के विभिन्न वर्गो ने हार्दिक बधाईयां प्रेषित की। गांव के परिवेश में पली बढ़ी लड़की की सेना में जाने की इस ललक और जज्बें को सभी ने सराहा और आज सुनीता गांव के साथ ही परिवार व समाज की बेटियों के लिए एक मिसाल बन गई है। माली सैनी संदेश परिवार होनहार बेटी सुनीता सैनी को बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वत्तम भविष्य की मंगल कामना करता है साथ ही परिवार का भी अभिनंदन करता है जिनके सहयोग से आज सुनीता ने यह मुकाम हासिल किया है, हमें गर्व है सुनीता सैनी पर।

# सम्राट कुशवाहा और जयंत राज कुशवाहा बिहार सरकार में मंत्री बनें




पटना। बिहार में राज्य मंत्रीमंडल का विस्तार हुआ। जिसमें जदयू कोटे से समाज के जयंतराज कुशवाहा और भाजपा कोटे से चौधरी सम्राट कुशवाहा ने मंत्री पद की शपथ ली। दोनों विधायकों को माली सैनी संदेश परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं ढ़ेरो शुभकामनाएं।

जयंतराज कुशवाहा अमरपुर विधान सभा से जदयू के विधायक हैं और पहली बार विधायक बने हैं और पहली बार मे हीं 33 वर्ष की उम्र मे विधायक से मंत्री बने हैं। बिहार के वर्तमान मंत्रीमंडल के ये सबसे युवा मंत्री हैं। इसी तरह चौधरी सम्राट कुशवाहा भाजपा से विधान पार्षद हैं। ये 1999 मे बिहार सरकार मे मंत्री के रूप मे कार्यभार संभाल चुके हैं और तब ये उस समय के सबसे युवा मंत्री थे। 2000 से 2010 तक बिहार के परबत्ता से विधायक रह चुके हैं और 2014 मे बिहार सरकार मे मंत्री भी रह चुके हैं।

2018 में भाजपा के बिहार प्रदेश के उपाध्यक्ष और 2020 मे भाजपा से विधान पार्षद के लिए चुने गये। अब 2021 मे फिर एक बार मंत्री बने हैं. और इन्हें फायरब्रांड नेता के तौर पर भी जाना जाता है।

माली सैनी संदेश परिवार की और से दोनों मंत्रीयों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

दिव्यांगता को आशीर्वाद मान अंतराष्ट्रीय पैरा तैराकी में पाया मुकाम

# अंतराष्ट्रीय पैरा तैराक किरण टाक ने जीते सैकड़ों गोल्ड मैडल

जोधपुर। 'बुलंद हो हौसला तो मुट्ठी में हर मुकाम है, मुश्किलें और मुसीबतें तो जिंदगी में आम है, डर मुझे भी लगा फासला देखकर, पर मैं बढ़ती गई रास्ता देखकर, खुद-ब-खुद मेरी मंजिल मेरा हौसला देखकर।'' यह कहना है अंतराष्ट्रीय पैरा तैराक व कोच किरण टाक का। जिसने अपने जुनून से अंतराष्ट्रीय स्तर पर तैराकी में सैकड़ों गोल्ड पदक अपने नाम किए है। जोधपुर के पूंजला क्षेत्र में निवासी किरण को तीन वर्ष की उम्र में बुखार आने पर एक चिकित्सक ने इंजेक्शन लगा दिया। जिसके कारण उनका बांया पैर पोलियो ग्रस्त हो गया। दो साल तक बिस्तर में रहने के बाद माता-पिता व परिजनों ने हर तरह का चिकित्सक उपचार करवाया। जिसे वह बैठने तो लगी परन्तु चलना मुश्किल था। लेकिन दूसरों की तरह पैरों पर खड़े होने और चलने का जुनून नहीं छोड़ा। पांचवी तक घर पर शिक्षा ग्रहण करने के बाद अपने भाई-बहनों के साथ स्कूल जाने की जिद्द करने पर छठी में प्रवेश लिया। स्कूल में जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए अपना पंजीयन करवाया तो घरवालों ने मना कर दिया। उस समय घर के पास एक तालाब में प्रतिभागी तैरने का अभ्यास करने आते थे। किरण ने भी तैरना सीखा और अपने माता-पिता को विश्वास दिलाते हुए आठवीं कक्षा के दौरान फिर से प्रतियोगिता में अपना पंजीयन करवाया। उस समय सामान्य प्रतिभागी के तौर पर पहला पुरस्कार प्राप्त किया। उसके बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने नागौर जाने पर एक कोच ने बताया कि दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए अलग प्रतियोगिता होती है और उसी वर्ष दिल्ली में आयोजित पैरा तैराकी प्रतियोगिता में किरण ने चार स्वर्ण पदक के साथ सर्वश्रेष्ठ चैम्पियनपशिप शील्ड भी जीती।



इसके साथ किरण का पैरा गेम्स का सफर शुरू हुआ। अब किरण चार से छह घंटे अभ्यास करने लगी। वर्ष 2003 में अपने पैरों के सुधार के लिए सर्जरी करवा कर किरण बिना सहारे चलने लगी और पुन: अभ्यास करने लगी। मेहनत की वजह से ही वर्ष 2005 में किरण का चयन इंग्लैड में आयोजित ओपन चैम्पियनशिप में हुआ। जहां अंतराष्ट्रीय पैरा तैराकी प्रतियोगिता में किरण ने देश के लिए पहला स्वर्ण पदक हासिल किया। यहां से किरण के सपनों को पंख लग चुके थे। फिर किरण ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और कॉमनवेल्थ 2010 और 2018 में भाग लेकर देश के लिए खेलती गई और पदक अपने नाम करती गई। वर्ष 2008-09 में तैराकी के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए उन्हें खेलों के प्रतिष्ठित महाराणा प्रताप पुरस्कार वर्ष 2017 में नवाजा गया। किरण ने अपनी तरह संघर्ष कर रही दिव्यांग प्रतिभाओं को तराशने के लिए कोच बनने का विकल्प चुना और नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनएसएनआईएस) से डिप्लोमा किया जिसकी वजह से किरण का भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) का कोच बनने का सपना पूरा हो गया। कोच बनने पर अन्य पैरा खिलाड़ियों को अपने से बेहतर बनने के लिए किरण प्रोत्साहित भी करने लगी। वर्तमान में स्पोर्ट अथोरिटी ऑफ गुजरात में काम कर रही है। किरण ने कहा कि मेरी दिव्यांगता मेरे संकल्प के लिए आशीर्वाद थी। जिसे मेरे जीवन में आना था और मुझे सफल बनाना था।

**किरण के इस सफर में बहुत दिक्कतें भी आई मुझे याद है उसे प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए धन की आवश्यकता पड़ने पर वो अनेकों सामाजिक संस्थाओं में स्वयं गई लेकिन वहां से सहयोग कम और भरोसा ज्यादा मिला लेकिन किरण टाक ने कभी हार नहीं मानी। समाज की होनहार बेटी किरण के मुख पर हमेशा मुस्कराहट रहती है जो उसके बुलंद हौसलें को बताती है हमें किरण पर गर्व है आज किरण जिस मुकाम पर पहुंची है वो सब उसकी स्वयं की कड़ी मेहनत का नतीजा है उसका कोई गॉड फादर नहीं है।**

## माली समाज के विभिन्न जिलों से विजयी पार्षद



श्रीमती सुमन सैनी
पार्षद, सरदार शहर



धमेन्द्र पंवार
पार्षद, नागौर



श्रीमती इंद्रा माली
पार्षद, भीलवाड़ा



सुरेन्द्र सैनी
पार्षद, नोहर



सुश्री डिंपल सैनी
पार्षद, लक्ष्मणगढ़



श्रीमती कालीदेवी माली
पार्षद, केकड़ी

अ.भा. कुशवाहा ( सैनी ) महासभा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक चुरू में सम्पन्न

# दादी–नानी के गौत्र को छोड़कर शादी करने सहित अनेक प्रस्ताव पारित



चुरू। अखिल भारतीय कुशवाहा (सैनी) महासभा की राजस्थन प्रदेश कार्यकारणी की प्रथम बैठक 21 फरवरी, रविवार को दोपहर 3 बजे से देवदास हनुमान बगीची सस्था (सैनी समाज भवन) में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर बोलते हुए राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं प्रदेश प्रभारी डी.एन. भगत ने कहा कि समाज की उन्नति एवं विकास के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना पड़ेगा, तभी हम सामाजिक विकास को गति दे पायेगें। उन्होंने प्रदेश की प्रथम बैठक में उपस्थित राजस्थान भर के संभागियों को समाज में नीचे तबके के व्यक्ति को हर प्रकार से सहयोग करने का आह्वान किया। प्रदेशाध्यक्ष गजानन्द सैनी ने महासभा का परिचय देते हुए संगठन के सरचनात्मक पक्ष पर चर्चा करते हुए प्रदेश भर में जिला, तहसील व ब्लॉक स्तर पर ईकाई गठित करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर विशेष आमन्त्रित सदस्य ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज के प्रदेश महामंत्री डॉ. वीरेन्द्र भाटी मंगल ने कहा कि समाज इन संगठनों के माध्यम से आम जन में जागरूकता पैदा करें, इससे सामाजिक समरसता का विकास होगा। डॉ. भाटी ने विविध मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि समाज में प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलना होगा, तभी सही मायने में विकास हो पायेगा। बैठक में चर्चा के उपरान्त निम्न विषयों पर निर्णय लिया गया। जिसमें समाज में चार गौत्र के स्थान पर दो गौत्रों में शादी को प्रारम्भ किया जाये। इसी प्रकार समाज के व्यक्ति महिने में प्रत्येक व्यक्ति कमसे कम एक दिन समाज सेवा एवं समाज के काम में अपना समय देने को संकल्प ग्रहण करें। बैठक में यह भी निर्णय किया गया कि राजस्थान के सभी जिला, तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर महासभा की कार्यकारिणी का गठन किया जाये। इस अवसर पर यह निर्णय भी लिया गया कि महासभा का प्रकाशन भी प्रारंभ किया जाये एवं महासभा के तत्वावधान में समाज का एक वार्षिक कलेण्डर भी तैयार किया जाये। जिसमें सैनी, शाक्य, मौर्य, कुशवाहा, रेड्डी, माली आदि से सम्बधित तिथियां समाहित हो।



कार्यक्रम व्यवस्था संयोजन में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश कोषाध्यक्ष खंडवा के राजेंद्र प्रसाद सैनी का विशेष योगदान रहा उन्होंने पूरे राजस्थान भर के कार्यकर्ताओं से संपर्क कर इस मीटिंग को आयोजित करवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इस अवसर पर बैठक में उनके प्रति भी धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव कैलाशचन्द सैनी, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सैनी, खण्डवा, प्रदेश विधि सलाहकार राजेन्द्र सैनी, रोजगार समिति अध्यक्ष नारायण सिंह पंवार, जोधपुर, प्रदेश पत्रकार समिति प्रभारी जगदीश यायावा, कला एवं सांस्कृतिक समिति अध्यक्ष मूर्तिकार शंकरलाल सैनी, जिला प्रभारी सुभाषचन्द सैनी, पूनम सैनी, जिला अध्यक्ष अजमेर, गोगासर सरपंच पूनम सैनी, एडवोकेट आनन्द बालाण, समाजसेवी ओमप्रकाश टाक, छोटी खाटू, चाणमल सैनी, चन्द्रमोहन तंवर, भंवरलाल गौड, सागरमल तंवर, जयन्त परिहार, शंकरलाल सैनी, गोपालराम माली, कन्हैयालाल सैनी, सांवरमल तंवर, कानमल सैनी, नेमीचन्द सैनी,पंकज सैनी सहित अनेक उपस्थित समाजबन्धुओं ने विविध विषयों पर चर्चा की। सैनी समाज के अध्यक्ष चन्द्रमोहन तंवर से आभार व्यक्त किया।





## शिक्षाविद समाजसेवी भामाशाह स्वर्गीय श्री बिरधीचंद सैनी जी की मूर्ति अनावरण

# शिक्षा से ही समाज का विकास संभव– अशोक बेरवा

चौथ का बरवाड़ा। महात्मा ज्योति ज्योतिराव फुले सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में शिक्षाविद समाजसेवियों भामाशाह स्वर्गीय बिरधी चन्द सैनी की मूर्ति का अनावरण मुख्य अतिथि विधायक खंडार अशोक बैरवा ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अशोक बैरवा ने कहा कि शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है अश्वन महात्मा ज्योतिबा फुले सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने गांव ढाणी में शिक्षा की अलख जगाई जिसके कारण आज दलित पिछड़े वर्ग शिक्षा में अग्रसर है उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का छात्र लाभ लें इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महान शिक्षाविद भामाशाह श्री बिरधीचंद सैनी जी ने जो शिक्षा , मंदिर रूपी पौधा लगाया है वह हमेशा हरा रहेगा। इस अवसर प्रदेश महामंत्री कन्हैया लाल सैनी ने कहा कि शिक्षा को मूल मंत्र लेकर आगे बढ़े जिससे जीवन में आप अग्रसर हो सकते हैं और माता और पिता की सेवा हमेशा आप करें क्योंकि माता और पिता में ईश्वर विराजमान होते हैं उन्होंने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों व गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सीता सैनी सरपंच ग्राम पंचायत चौथ का बरवाड़ा विशिष्ट अतिथि विमल मीणा तहसील अध्यक्ष सरपंच संघ, सारीका चौधरी उपाध्यक्ष राजस्थान हाई कोर्ट जयपुर, गायत्री सैनी प्रदेश अध्यक्ष सैनी महिला प्रकोष्ठ ,हरेंद्र सिंह थानाधिकारी, दशरथ मीणा पूर्व सरपंच डेकवा श्रीमती संतोष शर्मा पूर्व सभापति सवाई माधोपुर संजय शर्मा पार्षद गिर्राज गुर्जर पार्षद हनुमान सैनी पार्षद लक्ष्मी शर्मा जिला प्रवक्ता कांग्रेश, सुरेंद्र सिंह राजावत निदेशक जमवाय, शंकर गुर्जर ब्लश्वक अध्यक्षअध्यक्ष थे। इस अवसर पर अतिथियों का माली समाज के प्रदेश महामंत्री कन्हैयालाल सैनी ,निदेशक मंजू सैनी, गंगाधर सैनी प्रधानाचार्य दामोदर प्रसाद सैनी, टीकम चंद सैनी, मंगली देवी सैनी ने अतिथियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अशोक बैरवा ने कैलेंडर का विमोचन किया । कार्यक्रम में विनोद जैन प्रवक्ता ब्लाक कांग्रेस, बसंती लाल सैनी जिला उपाध्यक्ष, चौथमल वर्मा पूर्व सरपंच, प्रह्लाद सैनी पूर्व अध्यक्ष बेरवा समाज, कैलाश नारायण सैनी प्रदेश सचिव, भागचंद सैनी अध्यक्ष सैनी विकास संस्थान, भगवान माली संयोजक जिला माली समाज पूर्व अध्यक्ष सैनी विकास संस्थान, कमलेश सैनी जिला अध्यक्ष जिला माली समाज युवा शाखा, युवराज सैनी संयोजक माली समाज युवा शाखा, प्रभु लाल सैनी जिला प्रभारी सैनी समाज, इकबाल खान पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, कमलेश गुर्जर जिलाध्यक्ष गुर्जर कर्मचारी संघ, नारायण बेरवा पूर्व सेक्शन अश्वफिसर, घनश्याम सैनी पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी करौली आदि उपस्थित थे

















जन्म दिवस विशेष



आपको आपके जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं, परमपिता आपको रोग दोष मुक्त जीवन प्रदान कर दिर्घायु बनायें, आप प्रगति पथ पर निरंतर उन्नति प्राप्त करें, आपकी यश कीर्ति इस संसार के समस्त कोनो में सूर्य के प्रकाश की तरह ऊर्जा और चन्द्रमा के प्रकाश की भाँति शीतलता प्रदान करे, दुःख, शोक, भय आपको छूकर भी ना निकले।
इन्हीं मंगल कामनाओं सहित

**66 वें जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामना**

### जनसेवा के अभिप्राय, सरल एवं सहज सहभाव के धनी

# राजेन्द्र सिंह सोलंकी

**सुदिनं सुदिनं जन्मदिनम तव, भवतु मंगलम जन्मदिनम।**
**विजयी भव सर्वत्र सर्वदा, भवतु मंगलम जन्मदिनम ।।**

जोधपुर में कांग्रेस की कोई सभा, कोई सम्मेलन या गोष्ठी में जाइये और वहां एक व्यक्ति सदा उपस्थित मिलेगा और वह है श्री राजेन्द्रसिंह सोलंकी। पिछले 37 वर्षो से वह कांग्रेस के प्रमुख नेता के रूप में सर्वप्रसिद्ध है। श्री राजेन्द्रसिंह का जन्म 13 फरवरी 1955 को महामन्दिर जोधपुर के श्री अचलुराम जी के परिवार में हुआ और अपनी शिक्षा पूर्ण कर 1974 मे कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता बन गये। वह प्रारम्भ में ही राजस्थान के वर्तमान मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के पूर्ण सहयोगी रहे है और यही कारण है कि वह आज भी श्री अशोक गहलोत के विश्वस्त मित्र है। जोधपुर में ऐसा कोई आयोजन नहीं होता जिसमें वह श्री अशोक गहलोत के साथ न रहते हों। वह मुख्यमंत्री रोगगार योजना समिति के सदस्य रह चुके है। जोधपुर नगर में कच्ची बस्तियों की भरमार है और यहां की आवास समस्याओं को निपटाने में इन मुख्य रूप से योगदान रहता है। इन्हीं करणों से जोधपुर की जनता अपने दुःख-दर्द को दूर करने के लिए सदैव उनकी सहायता लेती है। आपने पूर्व में यूआईटी और जोधपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप जोधपुर में विकास के नए आयाम स्थापित किए है।

श्री सोलंकी बाबु लक्ष्मणसिंह सेवादेवी गहलोत मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी जोधपुर एवं दहेज उर्फ महिला उत्पीड़न निवारण समिति के अध्यक्ष हैं तथा जनकल्याणकारी कार्यों में सदा लगे रहते हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता होने के कारण भारतीय यूथ हॉस्टल एसोसियेशन की जोधपुर शाखा के आजीवन सदस्य है तथा युवकों को सलाह व सुख सुविधाएं देते रहते हैं। वह आर्यसमाजी विचारों के होने के कारण आर्य सम्मेलन आयोजित करते रहते हैं। जोधपुर आर्य समाज के भी वह स्थाई सदस्य है। जोधपुर आर्य वीर दल के वह संयोजक भी रहे है। शिक्षा के क्षेत्र में वह बड़ी रूचि लेते रहते हैं। श्री सुमेर उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रबन्ध समिति के भी आप सदस्य रह चुके हैं। इसी प्रकार बाल विद्या भवन की कार्यकारिणी के भी सदस्य रहते शिक्षा में अपूर्व योगदान दिया। महामन्दिर, जोधपुर की राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की स्थापना में इनका मुख्य प्रयास रहा। लोगों के चरित्र निर्माण तथा यहां की सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बड़ी रूचि लेते हैं। जोधपुर के महत्वपूर्ण संस्कृति व चरित्र निर्माण में इनका अपूर्व योगदान रहा है। श्री राजेन्द्रसिंह व्यवसाय से पत्थर उद्योग से सम्बन्धित है वह जोधपुर पत्थर उद्योग संस्था के अग्रणीय कार्यकर्ता है। वह पर्यावरण के लिये भी सचेत रहते है और इस कारण वन व पर्यावरण की सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर रहते हैं। जीव-दया एवं प्राकृतिक आपदा के समय आपकी भूमिका सदैव सक्रिय रही है। वर्ष 2000 के शताब्दी के भीषणतम् अकाल के समय मरूप्रदेश के दूरस्थ गाँवों-ढाणियों में मूक पशुओं के लिये चारे की 26 गाड़िया एवं पशु आहार से सेवा कार्य किया।

वहीं दूसरी ओर 26 जनवरी 2001 को गुजरात में आए प्रलंयकारी भुकम्प के समय भुकम्प पीड़ितों की सहायतार्थ 20 ट्रक राहत सामग्री एवं क्षतिग्रस्त मार्गो का मलबा हटाने हेतु पाँच ट्रोलर मशीने इत्यादि लेकर गुजरात के कच्छ-भुज में पन्द्रह दिन तक राहत एवं सहायता केन्द्र स्थापित कर सेवा कार्य किया। गांधी धाम में क्षतिग्रस्त गांधी स्मारक स्थल का पुनः निर्माण का कार्य भी किया। इस कार्यक्रम में श्रीमती सोनिया गांधी ने भी शिरक्त की थी।

इस प्रकार श्री राजेन्द्रसिंह सोलंकी जोधपुर के एक अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं जन जाग्रति के अपूर्व नेता है, जो पक्ष विपक्ष में भेद नहीं करते है और सभी के लिए सरलता से उपलब्ध रहते हैं। जोधपुर के सभी धर्मो, राजनैतिक पार्टियों के लोगों के मन में राजेन्द्र सिंह सोलंकी के प्रति अथाह सम्मान एवं प्रेम है।

# समाज की लाडली बेटी एंजल सांखला की स्मृति में प्रथम बार आयोजित षिविर में समाज के सभी वर्गो ने रक्तदान का बनाया रिकॉर्ड कुल 413 यूनिट रक्तदान

रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाने नगर निगम उत्तर की महापौर श्रीमती कुंती देवड़ा परिहार के साथ ही क्षेत्र के पार्षदों एवं प्रबुद्वजनों ने कार्यक्रम में पहुंच कर लाडली की याद में आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंच कर आयोजकों के साथ सभी का आभार प्रकट किया।



## स्व. एंजल सांखला



कुलदीप एवं सपना सांखला की लाडली बेटी एंजल का निधन मात्र 8 वर्ष की आयु में लीवर फेल होने के कारण गत वर्ष हो गया था। सभी की लाडली चुलबूल हसमुंख बेटी एंजल की स्मृतियों को याद करते हुए घर परिवार, समाज के साथ ही 36 कोमों के सर्व समाज के लोगों ने इस नन्हीं बेटी को रिकार्ड 413 यूनिट रक्तदान कर अनुठी श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन करने का भी निर्णय लिया।

आयोजकों द्वारा सभी रक्तदाताओं का हार्दिक आभार प्रकट किया गया।











# महाराष्ट्रीयन माली समाज का परिवार मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न




इंदौर। महाराष्ट्रीयन माली समाज का मिलन समारोह गणेश स्तुति की प्रस्तुति के साथ संपन्न हुआ। मिलन समारोह में श्यामराव दरवडेल ने कई सारी मुख्य बातें बताई जिससे महाराष्ट्रीयन माली समाज की अलग पहचान बन सके व प्रदेश के साथ साथ देश में भी नाम हो जैसा की आजादी के समय हुआ था। उन्होंने बताया कि हल्दी कुंकुम एक पवित्र रश्म हे जो आज मिलन समारोह में स्नेह के रूप में संपन्न हुई जिससे समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इसी कार्यक्रम में पहले जिसने भाग नहीं लिया था ओर वह पहली बार इस मिलन समारोह में उपस्थित हुए उनको समाज के प्रति एक नई दिशा मिली।

इस मिलन समारोह के प्रारंभ में श्री संत सावता जी महाराज की तस्वीर पर दीप प्रज्जवलित किया जिससे महाराष्ट्रीयन माली समाज यागदार बनी रहे इस मिलन समाराह में अरूणा मौर्य ने माली समाज में महिलाओं को जागरूक होने के लिए कई संदेश दिए और बाताया कि समाज में अगर शिक्षा के क्षेत्र में किसी तरह से मदद चाहिए तो हम सदैव तत्पर है शिक्षा के अलावा किसी को स्वास्थय के विषय में भी मदद चाहिए तो हम सब साथ है कार्यक्रम के समापन के पूर्व में समाज की एकता दिखाते हुए बारी बारी से प्रत्येक परिवार नं स्वयं का परिचय दिया। श्री संत सावता महाराष्ट्रीयन माली समाज द्वारा महिलाओं ने हल्दी कुंकम लगाते हुए यादगार के रूप में उपहार ीी प्रदान किए गए। इस मिलन समारोह में मुख्य अतिथि समाज की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमति अलका सैनी, अरूणा मौर्य, राकेश कुशवाहा, धर्मेन्द्र मौर्य थे साथ ही हर्षा, स्नेहा भामरे, नंदा फरादे, रोहिणी रस्कर, मेघा दरवादे, दुर्गा अढ़ाऊ, विधा जाधव सहित अनेकों समाज जन की उपस्थिति रही।



# छात्रावास के लिए कच्छवाहा परिवार ने दिए 5 लाख 51 हजार रुपए



पीपाड़ शहर। माली शिक्षा सेवा संस्थान द्वारा पीपाड़ शहर में बन रहे छात्रावास भवन निर्माण के लिए शिवनगर रामासनी ग्राम निवासी ठेकेदार गणपतलाल, मेगाराम, सुमेरराम, अनिल कच्छवाहा, द्वारा पांच लाख 51 हजार रूपए का सहयोग प्रदान किया गया। इस दौरान समाज बंधुओं द्वारा कच्छवाह परिवर का आभार प्रकट करते हुए संस्था के लक्ष्य प्राप्ति में अमूल्य योगदान देने एवं संस्था को वित्त पोषित करने के उपलक्ष्य में पूरे परिवार का बहुमान किया गया। इस दौरान समाजसेवी पार्षद सत्यनारायण भाटी, देवाराम, गोबरराम कच्छवाह, गणपत मरोठिया, बंशीलाल मरोठिया, सुरेन्द्र टाक, रामकिशोर गहलोत, जवराम मरोठिया, किशोर राम सहित अनेकों प्रबुद्वजन उपस्थित रहे। भामाशाह परिवार का आभार अभिनंदन।

# भावेश सांखला ने उतीर्ण की आयुष मंत्रालय योग शिक्षक परीक्षा






जोधपुर। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अधीन योग प्रमाणीकरण बोर्ड की ओर से आयोजित विश्वस्तरीय योग शिक्षक एवं मूल्यांकनकर्ता परीक्षा में जोधपुर के अनंता योग एवं आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के युवा भावेश सांखला ने प्रथम प्रयास में ही परीक्षा उत्तीर्ण कर योग शिक्षक एवं मूल्यांकनकर्त्ता बन गए है। योगाचार्य श्यामलाल भाटी ने बताया कि इससे पूर्व भी भावेश गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में एक ही आसन में 62 मिनट तक स्थिर रहकर नाम दर्ज करवा चुके है। भावेश ने अपनी सफलता के लिए योगाचार्य श्यामलाल भाटी का विशेष आभार प्रकट करते हुए कहा कि अनंता योगा टीम के मार्गदर्शन से ही आज में सफलता प्राप्त कर पाया हूं। युवा भावेश अपने अथक प्रयासों एवं मिलनसार व्यक्तित्व के साथ सभी के प्रिय बनें हुए है। हम भावेश को हार्दिक बधाई प्रेषित करते है ज्ञात रहे भावेश के पिता धर्मेन्द्र सांखला आल इण्डिया माली सैनी समाज के राष्ट्रीय सचिव है तथा माता श्रीमति मीना सांखला भाजपा नैत्री है तथा माता पिता दोनों ही सामाजिक आयोजन के साथ समाज सेवा में अपना अमूल्य योगदान प्रदान करते है।

# दहेज प्रथा पर रोक अति आवश्यक – महत्तो





28 फरवरी। कुशवाहा प्रखंड सम्मेलन का आयोजन इटखोरी नगवां में किया गया। प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि हाकिम प्रसाद महतो, प्रदेश अध्यक्ष झारखंड कुशवाहा महासभा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। सभा को सम्बोधित करते हुए महतो ने कहा कि दहेज प्रथा पर रोक, खर्चिली विवाह आदि कुरितियों को दूर कर सामुहिक विवाह को बढ़ावा देने, महिला शिक्षा आदि समाजिक सुधारों से ही समाज का चौमुखी विकास संभव है और इसके लिए समाज के प्रबुद्ध लोगों को आगे आने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में पांकी विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि राजनैतिक पहचान के लिए समाज को गोलबंद होने की आवश्यकता है। वहीं मुख्य वक्ता संजय शान ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत के मूल संस्कृति, बौद्धकाल की शैक्षणिक व्यवस्था, मौर्य साम्राज्य और गौरवशाली अतीत के जानकारी घर घर पहुंचाने से ही भारत पुन: विश्वगुरु के पथ पर अग्रसर होगा।

इस समारोह को प्रदेश संगठन सचिव बटेश्वर मेहता, जिला संरक्षक देवचरण दांगी, जिला परिषद सदस्य राम लखन दांगी, जिला संरक्षक केदार प्रसाद दांगी राजू डॉक्टर पूर्व मुखिया, जिलाध्यक्ष अर्जुन कुमार, भीमचंद्र महतो आदि लोगों ने संबोधित किया। समा की अध्यक्षता नवल किशोर नवल प्रखंड अध्यक्ष इटखोरी ने की वहीं संचालन का दायित्व प्रमोद दांगी ने निभाई। इस सफल आयोजन में हिरेंद्र कुमार, जुगेश्वर दांगी, विजय दांगी, कुशुम देवी, किरण देवी, सुरेन्द्र दांगी, दशरथ दांगी आदी लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# डॉ. सरिता मौर्य का नाम इण्डिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज




चहनियां के जगन्नाथपुर निवासी समाजसेवी डॉ. सरिता मौर्य का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड मे दर्ज किया गया है। डॉ. सरिता को यह कामयाबी उनके शिक्षा, महिला शक्ति, विधवा महिलाओं के संवैधानिक अधिकार, स्वच्छता, समाज के रचनात्मक कार्यो की वजह से हुआ है। डॉ. मौर्य ने बताया कि कोविड-19 को मद्देनजर रखते हुए डाक के माध्यम से उन्हें इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड द्वारा बैज, मेडल, प्रमाण, बुक, पेन मिला है। अभी हाल में ही जिले के जिलाधिकारी ने मतदाता जागरूकता पर प्रमाण पत्र देकर भी उन्हें सम्मानित किया था। इसके पूर्व आयरन लेडी जैसे प्रतिभाशाली अवार्ड एवं स्वर्ण पदक से अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी डॉ. सरिता मौर्य सम्मानित हो चुकी है।

संतोष सांखला 9252067133 9414359805
नेमीचंद सांखला 9529551444
आ. पी. तंवर 9414117306

तंवर मार्बल
मूर्ति एण्ड हैण्डीक्राफ्ट

हमारे यहां मार्बल स्लैब, टाईल्स, मंदिर मूर्ति, जाली, पालकी, मार्बल फ्लॉवर व हैण्डीक्राफ्ट आदि का कार्य किया जाता है।



Marble Art (Android Apps on Gooble Play Store)
E-Mail : marbletanwar@gmail.com
शोरूम : सैनी कॉम्पलैक्स, 1 फ्लोर, शॉप नं. 40, रेल्वे स्टेशन के पास, मकराना (राज.)

# हमें आप सभी पर गर्व है, आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



बीकानेर निवासी युवा **आशीष सांखला** ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवा कर समाज एवं बीकानेर का नाम रोशन किया। सांखला ने अपने चाचा शिव गहलोत के सर पर विश्व की सबसे बड़ी पगड़ी बांध कर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाया जो कि 579.8 मीटर थी इसी के साथ ही वह आंखो पर पटी बांध कर साफा बांधने में माहिर है व अलग अलग प्रकार के साफा बांधने में माहिर है सांखला ने बताया कि वह ऐसे काम अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए करते हैं।

---



आदरणीय **जगदीश सैनी (Guddu Saini)** को भाजपा किसान मोर्चा का प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं।

---



जनपद लखीमपुर खीरी मैं तैनात **अनिल सैनी** सब इंस्पेक्टर को सराहनीय योगदान के लिये पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रशंसा प्रतीक चिन्ह (रजत) से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई अभिनंदन

---



**इंजि. संजीव गहलोत** (IDSE) को डायरेक्टर जनरल मिलिट्री इंजीनियरिंग बननें पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

---



पीपाड़ की छात्रा **संजना सैनी** ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की B.Sc. नर्सिंग ओनर्स परीक्षा में 292वीं रैंक हासिल कर माता पिता और समाज को किया गौरवान्वित।



अजमेर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक **वी. एस. भाटी** का कार्यकाल एक साल ओर बढ़ा, अगले साल 15 फरवरी 2022 तक एमडी बने रहेंगे भाटी, दो साल में डिस्कॉम ने हासिल की है अभूतपूर्व प्रगति। भाटी को हार्दिक बधाई अभिनंदन। मुख्यमंत्री श्रीमान अशोक जी गहलोत ने फिर जताया श्री विजय सिंह भाटी पर विश्वास।

---



माली संस्थान, जोधपुर के अखिल भारतीय महात्मा ज्योतिबा फुले प्रशिक्षण केंद्र दिल्ली में समाज की छात्रा सुश्री **युविका पंवार** (C.A.) का चयन Assistant Director (Cost) मैं अखिल राष्ट्रीय स्तर पर (द्वितीय रैंक) प्राप्त कर चयनित होने पर हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं।

माली संस्थान जोधपुर के अध्यक्ष आदरणीय श्री रुपुखराज जी सांखला के अथक प्रयासों से समाज के स्टूडेंट्स के लिए प्रशासनिक सेवा हेतु नई दिल्ली में प्रारंभ किये गए कोचिंग सेंटर से उत्कृष्ट परिणाम आने प्रारंभ हुए।

---



सुश्री **तनु प्रिय सांखला** के के (B. Tech. Electic Branch) में पिलानी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं उज्जवलत्तम भविष्य की शुभकामनाएं।

---



माली समाज परबतसर के अध्यक्ष के आज चुनाव संपन्न हुए जिसमें माली समाज परबतसर ने सर्वसम्मति से **सेवाराम दगदी** को अध्यक्ष निर्वाचित किया। मिलनसार व्यक्तित्व के धनी, सभी के चहेते एवं सेवाभावी श्री सेवाराम जी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

---



राष्ट्रीय स्तर पर **जिज्ञासा माली** ने 2 जीते पदक

ICSE INDIA SPORTS FESTIVAL (MATHURA) में राष्ट्रीय चौंपियनशिप का आयोजन दिनांक 22 फरवरी 2021 को उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में किया गया। जिस में राजस्थान के उदयपुर जिले के चिकलवास निवासी जिज्ञासा माली पुत्री प्रेमचंद माली ने महिला वर्ग में अंडर 20 वर्ग में 100 मीटर में दौड़ और योगासन में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पदक जीतने पर क्लब के अध्यक्ष डॉ दीपेंद्र सिंह चौहान ने बधाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

**युवा प्रतिभा**

## सुश्री हर्षिता सांखला



सुपुत्री श्रीमती कल्पना-राजीव सांखला

मूल निवासी- जैतारण (पाली) वर्तमान- जोधपुर

कु. हर्षिता का जन्म 5 सितंबर 2002 (शिक्षक दिवस) को हुआ। प्रारंभ से लेकर उच्च माध्यमिक तक की शिक्षा सेण्ट्रल एकेडमी, जोधपुर में हुई बाल्यकाल से शिक्षा में गहरी रूचि होने से हर्षिता ने सभ कक्षाओं में विशिष्ट प्राप्त करते हुए पूर्ण शिक्षा प्राप्त की। हर्षिता का प्रारंभ से ही एक श्रेष्ठ इंजीनियर बनकर देश की सेवा करने का दृढ़ निश्चय किया और आई.आई.टी. में प्रवेश का लक्ष्य निर्धारित करते हुए जुट गई अपने लक्ष्य की प्राप्ति में। कठोर परिश्रम पूर्वक अपने लक्ष्य को प्राप्त भी किया।

हर्षिता हाल ही में उच्च तकनीकी (इजीनियरिंग) संस्थान, की मेकेनिकल इंजीनियरिंग शाखा में प्रवेश प्राप्त हुआ है। हर्षिता ने गोल्ड मेडल के साथ इंजीनियरिंग परीक्षा उत्तीर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रतिभाशाली छात्रा हर्षिता ने तदनुसार परिश्रम करना भी प्रारंभ कर दिया है। देश, समाज तथा सांखला परिवार को अपनी प्रतिभाशाली सुपुत्री पर अत्यंत गर्व है। अनेकोनेक नेताओं, सामाजिक पदाधिकारियों। कार्यकर्ताओं ने हर्षिता की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रकट की है।

**संपर्क :-** पिता - राजीव सांखला, जोधपुर 9413549312

दादाजी - किशनलाल सांखला, जैतारण 7014790050



दीनदयाल पंवार
पार्षद, नागौर



मनीष कच्छवाह
पार्षद, नागौर



सोनू सैनी
पार्षद रतनगढ़



लक्ष्मी सांखला
पार्षद

## माली सैनी समाज के विभिन्न शहरों से विजयी पार्षदों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



भावना चौहान
पार्षद अजमेर



अलका सैनी
पार्षद किशनगढ़



चंचल परिहार
पार्षद नागौर



लोकेश मालाकार
पार्षद परबतसर

## माली सैनी संदेश के आजीवन सदस्यता सूची

श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर
सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू( पं.समिति सदस्य), सुपुत्री श्री ढ़लाराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा( उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत
श्री मदनलाल (ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमाराम गहलोत, मथानियां
श्री लिखमाराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर
श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर
श्री रामनिवास पुत्र श्री पूनाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धर्माराम सोलंकी, सोलंकी खाद बीज, जोधपुर

श्री धनराज पुत्र श्री राणाराम सोलंकी, पीपाड़ शहर
श्री संपतराज पुत्र श्री बाबूलाल सैनी, पीपाड़ शहर
सी. ए. श्री महेश पुत्र श्री आनंदीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमान सिंह गहलोत, हनुमान टेंट हाऊस, जोधपुर
श्री मयंक पुत्र श्री दीनदयाल देवड़ा, जोधपुर
श्री नित्यानंद पुत्र श्री धनसिंह सांखला, जोधपुर
श्री महेश पुत्र श्री अमरसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री कैलाश पुत्र श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर,
श्री भारतसिंह पुत्र श्री लिखमाराम कच्छवाहा, जोधपुर
श्री संदीप पुत्र श्री नृसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री धमेन्द्र पुत्र श्री संतोष सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री निर्मल सिंह पुत्र श्री भजनसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पुत्र श्री पुखराज कच्छवाहा, पीपाड़
श्री अमृतलाल  पुत्र श्री चेनाराम टाक, बुंचकला, पीपाड़
श्री चांदरतन पुत्र श्री माणकचंद सांखला, बीकानेर
श्री कमलेश पुत्र श्री मुल्तान सिंह कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री सहीराम पुत्र श्री हिन्दुराम गहलोत, पीपाड़ शहर
श्री मनमोहन पुत्र श्री मनोहर सिंह सांखला, जोधपुर
श्रीमती कमला धर्मपत्नी श्री रमेशचंद्र माली, जोधपुर
श्री दशरथ पुत्र श्री विशन सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राजकुमार पुत्र श्री रतनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री मेवाराम पुत्र स्व. श्री नारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री हरीराम सोलंकी, जोधपुर
डॉ. हिरालाल पुत्र श्री मादुराम पंवार, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री किशनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री धरमाराम भाटी, अध्यक्ष क्षत्रिय माली समाज माधपुर (तमिलनाडु)
श्री राहुल भाटी सुपुत्र श्री जितेन्द्रसिंह भाटी, जोधपुर
श्री किसनाराम देवड़ा, श्री जी एन्टरप्राइजेज, जोधपुर
श्री(इंजि.)तेजप्रताप पुत्र श्री मंगलसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अभय सिंह पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री आनंदसिंह गहलोत, जोधपुर

श्री सोहनलाल पुत्र श्री नेपाराम देवड़ा, बालरंवा, तिंवरी
श्री अमृत सांखला, फ्यूचर प्लस क्लासेज, जोधपुर
श्री चेतन देवड़ा पुत्र स्व. श्री मानसिंह देवड़ा, जोधपुर
श्री अरविंद गहलोत (पार्षद) पुत्र श्री मांगलाल गहलोत, जोधपुर
सीए श्री अर्जुन पुत्र श्री कांतिलाल परिहार, बाली, पाली
श्री पप्पुराम पुत्र श्री रामचंद्र गहलोत, चौखा, जोधपुर
डॉ. श्री महेन्द्र भाटी 'त्रिकाल', रायपुर, पाली
श्री रोहित पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री रामेश्वर सिंह पुत्र स्व. लाल सिंह सांखला, जोधपुर
श्री जगन्नाथ सिंह पुत्र श्री मेघसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हुक्माराम भाटी पुत्र श्री सुखदेवराम भाटी, जोधपुर
श्री श्याम लाल पुत्र श्री बुद्वाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री रामकिशन माली, करौली
श्री चेतन सिंह पुत्र श्री संतोकसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री लुंबाराम देवड़ा, जगदम्बा पब्लिक स्कूल, जोधपुर
श्री विकास कच्छवाहा पुत्र श्री नरेन्द्रसिंह, जोधपुर
श्री कानाराम सांखला, कानजी स्वीट्स, जोधपुर
श्री कुशाल राम सांखला, रामजी स्वीट्स, जोधपुर
श्री मुकेश टाक पुत्र श्री हरीसिंह टाक, जोधपुर
श्री अरविंद पुत्र श्री आनंदप्रकाश गहलोत, जोधपुर
श्री आनंदसिंह पुत्र श्री जगदीश सिंह सांखला, जोधपुर
श्री जयंत सांखला,आर.एस.एम.विद्याश्रम, जोधपुर
श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री मोहनलाल कच्छावा, अजमेर
श्री ताराचंद पुत्र श्री मोतीलाल सांखला, मथानियां
डॉ. कमल सैनी, सोलन, हिमाचल प्रदेश
श्री ओमप्रकाश सैनी पुत्र श्री गणपत जी लाडंनू
डॉ प्रवीण पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राकेश पुत्र श्री छतरसिंह गहलोत, जोधपुर
डॉ. भीमपाल पुत्र श्री बुधाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धमेन्द्र कच्छवाहा,भीलवाड़ा
श्री गोविंद पुत्र श्री भगवानसिंह परिहार, जोधपुर
श्री शरद टाक, जोधपुर
श्री मुकेशराज पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह गहलोत, जोधपुर